# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
## काँके, राँची-834006 (झारखंड)

पत्रांक एफ 3.(नि.)–278 / 2023 / बी.ए.यू.(वी.सी.) / 489 / काँके                दिनांक 30/01/2023

**विज्ञापन संख्या बी.ए.यू. (वी.सी.)/02 /2023**

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, काँके, राँची अपने अधीन स्वीकृत विभिन्न चतुर्थवर्गीय सम्वर्गीय रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु योग्य उम्मीदवारों से विहित पत्र में स्वहस्तलिखित आवेदन आमंत्रित करती हैं।

रिक्त पदों की विवरणी इस प्रकार है :–

| क्रमांक | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या (आरक्षण कोटीवार / श्रेणीवार) | | | | | | कुल रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | अनु. जनजाति | अनु.जाति | पिछड़ा वर्ग–1 | पिछड़ा वर्ग –2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | |
| 1. | आदेशपाल / मैसेंजर | 24 | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | 40 |
| 2. | प्रयोगशाला सेवक | 09 | 01 | 02 | 00 | 04 | 05 | 21 |
| 3. | माली / सरदार माली | 10 | 03 | 02 | 01 | 01 | 03 | 20 |
| 4. | स्वीपर | 15 | 03 | 01 | 00 | 03 | 04 | 26 |
| 5. | प्लम्बर / प्लम्बर हेल्पर | 03 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 |
| 6. | सरदार / फार्म सरदार | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 |
| 7. | डोम जमादार / जमादार | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 8. | सईस | 04 | 01 | 01 | 00 | 01 | 01 | 08 |
| 9. | दफ्तरी | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 04 |
| 10. | वार्ड सेवक | 03 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 04 |
| 11. | फरास | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 12. | सराफ | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| | कुल पदों की संख्या | | | | | | | 134 |

रिक्त पदों की शैक्षणिक योग्यता, वेतनमान एवं भर्ती का तरीका निम्नवत है :–

| क्रमांक | पद का नाम | वेतनमान | शैक्षणिक योग्यता | अन्य वांछनीय अर्हता / कार्यानुभव | भर्ती की प्रक्रिया |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आदेशपाल / मैसेंजर | रू. 5200–20200 / – GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से दसवीं उर्त्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी एवं साईकल चलाने की योग्यता | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 2. | प्रयोगशाला सेवक | रू. 5200–20200 / – GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से दसवीं उर्त्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 3. | माली / सरदार माली | रू. 5200–20200 / – GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड / संस्थान से दसवीं उर्त्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4. | स्वीपर | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 5. | प्लम्बर/ प्लम्बर हेल्पर | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 6. | सरदार/ फार्म सरदार | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 7. | डोम जमादार/ जमादार | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 8. | सईस | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 9. | दफ्तरी | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 10. | वार्ड सेवक | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 11. | फरास | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |
| 12. | सराफ | रू. 5200–20200/– GP-1800/- (लेवल 1) | किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं उत्तीण। | प्रासंगिक क्षेत्र में कार्य अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जायेगी। | स्क्रीनिंग तथा साक्षात्कार के साथ सीधी भर्ती। |

नियम एवं शर्तें :

1. उम्मीदवार भारत का नागरिक हो, मानसिक, शारीरिक रूप से स्वस्थ हो, नैतिक चरित्र उत्तम हो एवं किसी आपराधिक आचरण वाले किसी मामले में वांछित अथवा सजा याफ्ता न हो तथा विवाहित होने की स्थिति में उनका एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न हो।

2. अनुसूचित जाति/जन जाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर झारखंड सरकार द्वारा मान्य एवं निर्धारित अद्यतन आरक्षण नियम लागू होंगे।

3. आरक्षण का दावा करने वाले उम्मीदवारों का आरक्षण संबंधी प्रमाण पत्र नियुक्ति हेतु झारखंड राज्य सरकार के नियमानुसार सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत होना चाहिए।

4. आरक्षण के सन्दर्भ में राज्य सरकार द्वारा निर्गत विभिन्न संकल्प/परिपत्र के आलोक में आरक्षित/अनारक्षित कोटियों के लिए संसूचित रिक्तियों में साक्षात्कार/नियुक्ति के पूर्व परिवर्तन की जा सकती है ।

5. झारखंड राज्य सरकार के नियमानुसार महिला को 5 प्रतिशत एवं दिव्यांग को 4 प्रतिशत के सन्दर्भ में नियमानुसार क्षैतिज आरक्षण का लाभ मान्य होगा।

6. उपरोक्त पदों पर उम्मीदवारों की न्यूनतम उम्र सीमा का निर्धारण विज्ञापन की तिथि के प्रभाव से कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए।

अधिकतम आयु सीमा (01-08-2023 के अनुसार)

| Category | Age | Age (For Divyang) |
|---|---|---|
| General | 35 years | 45 years |
| BC-I & BC-II | 37 years | 47 years |
| Women of Unreserved, BC-I & BC-II | 38 years | 48 years |
| SC & ST (Male & Female) | 40 years | 50 years |
| EWS | 35 years | 45 years |

(झारखंड सरकार के संकल्प संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 के आधार पर उम्र सीमा में छूट प्रदान की जायेगी ।)

(नोट – वैसे अभ्यर्थी जो बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कार्य करने का वैद्य अनुभव रखते हों, उन्हें अनुभव प्रमाण–पत्र के आधार पर उम्र सीमा में छूट प्रदान की जायेगी एवं अनुभव के आधार पर चयन प्रक्रिया में अतिरिक्त अंक प्रदान की जायेगी।)

7. उम्मीदवारों की उम्र सीमा, आरक्षण की सुविधा एवं स्थानीयता से संबंधित नियमावली आदि झारखंड प्रदेश द्वारा निर्धारित नियमावली के अनुसार होगी।

8. अभ्यार्थी अपनी उम्र, शैक्षणिक, वांछित अन्य योग्यता/अर्हता तथा अनुभव से संबंधित सभी प्रकार के प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न अनिवार्य रूप से करेंगे।

9. आरक्षित वर्ग से संबंधित आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ आरक्षण एवं BC-I तथा BC-II के अभ्यर्थियों को (Non-Creamy Layer) से संबंधित प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करेंगे।

10. महिला अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ पिता के नाम से निर्गत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर देय होगा ।

11. सामान्य, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के योग्य अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ रू. 250/– (दो सौ पचास रूपये मात्र) का रेखांकित मांग पत्र (Crossed Demand Draft) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति वर्ग के योग्य अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ रू. 125/– (एक सौ पचीस रूपये मात्र) का रेखांकित मांग पत्र (Crossed Demand Draft) जो **Birsa Agricultural University Recruitment, BAU, Ranchi** के पक्ष में भुगतेय होगा अनिवार्य रूप से संलग्न करेंगे। ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान के लिए, उम्मीदवारों को ऑनलाइन भुगतान लिंक पर जाना होगा। **https://eazypay.icicibank.com/**

12. योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र, संलग्न अनुलग्नकों के साथ (शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अन्य वांछित योग्यता/अर्हता से संबंधित प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति एवं स्थानीय प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित प्रति एवं मूल डिमांड ड्राफ्ट /Online Payment receipt) सील बंद लिफाफे में दिनांक 15.03.2023 दिन बुधवार, अपराहन् 05.00 बजे तक निबंधित/स्पीड पोस्ट के द्वारा सहायक निदेशक प्रशासन (नियु.), बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, काँके, राँची के पते पर भेज सकते हैं। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में आवदेन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे। साथ ही किसी अन्य श्रोत से प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

13. आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से विज्ञापन संख्या, आवेदित पद का नाम, अभ्यर्थी का पूरा नाम एवं पता, दूरभाष संख्या अवश्य उल्लेखित रहना चाहिए।

14. आवेदन पत्र नीले (ब्लू) रंग के बॉल पेन द्वारा भरा जाना अनिवार्य रहेगा।

15. आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के कटिंग, ओवर राईटिंग, छेड़छाड़ आदि होने की स्थिति में अभ्यर्थी के उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

16. आवेदन प्रपत्र के साथ किसी भी प्रकार का कदाचार अभ्यर्थी के द्वारा किये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी अयोग्य मानी जाएगी।

17. आवेदक अपने आवेदन पत्र के साथ दो अद्यतन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ भी संलग्न करेंगे। अद्यतन दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ में से एक आवेदन पत्र पर अच्छे ढंग से चिपके हुए रहने चाहिए, जबकि दूसरा फोटोग्राफ प्रवेश पत्र हेतु अलग से संलग्न रहेगा।

18. अभ्यर्थी एक स्व पता लिखा लिफाफा (25 cm x 11 cm) भी रू. 42/– के डाक टिकट चिपका कर विश्वविद्यालय को अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न करेंगे, जिससे संबंधित योग्य अभ्यर्थी को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जा सके।

19. एक से अधिक पदों पर आवेदन करने की स्थिति में अलग–अलग पदों के लिए अलग– अलग आवेदन पत्र, दस्तावेज, लिफाफे, अद्यतन पासपोर्ट साईज रंगीन फोटोग्राफ, बैंक ड्राफ्ट/ **Online Payment Reciept** आदि संलग्न करना अनिवार्य रहेगा।

20. साक्षात्कार के समय उम्मीदवार आवेदन पत्र के समय समर्पित संलग्न कागजातों की मूल प्रति अनिवार्य रूप से लायेंगे।

21. साक्षात्कार में सम्मिलित होने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के व्ययों का वहन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जाएगा।

22. प्रशासी विभाग द्वारा रोस्टर क्लीयरेंस के उपरांत आवश्यकतानुसार रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ तथा शर्तों में परिवर्तन हो सकती है।

23. विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में चतुर्थवर्गीय पदों की नियुक्ति हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या **BAU(VC) 01/2019** **दिनांक** 02.03.2019 एवं तत्संबंधी शुद्धि पत्रों को विलोपित समझा जाए।

24. चयन हेतु अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रकार के किये गये राजनीतिक, प्रशासनिक दबाव, प्रलोभन आदि को विश्वविद्यालय स्वीकार्य नहीं करेगा। साथ ही संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

25. इस नियुक्ति से संबंधित सभी प्रकार के वादों का निबटारा राँची स्थित माननीय झारखंड उच्च न्यायालय/ व्यवहार न्यायालय, राँची के अधीन मान्य होगी।

26. विश्वविद्यालय बिना कारण बताये उम्मिदवारों के चयन प्रक्रिया के दौरान विज्ञापित पदों को वापस लेने या न भरने संबंधी अधिकार को सुरक्षित रखता है।

27. यदि अन्य कोई विवरण आवश्यक हो तो सहायक निदेशक प्रशासन (नियुक्ति), बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, कांके, रांची से कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में समय के दौरान प्राप्त किया जा सकता है ।

कुलपति के आदेश से
ह्/०
निदेशक प्रशासन

ज्ञापांक एफ 3.(नि.)–278/2023/बी.ए.यू.(वी.सी.)/ 489 /काँके दिनांक 30/01/2023

**प्रतिलिपि** : सभी अधिष्ठाता/सभी निदेशक/ कुलसचिव/ नियंत्रक/ सभी सह अधिष्ठाता/ सभी सह–निदेशक, क्षे.अ.के./ सभी वरीय वैज्ञानिक–सह–प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, काँके, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति, बि.कृ.वि., काँके, राँची को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

**सभी सूचना पट्ट।**

30.1.2023
निदेशक प्रशासन